कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री रघुवीर सिंह कारोलिया, ग्राम बावनबीघा, पोस्ट पाखर तहसील मण्डावर जिला दौसा राजस्थान–321613

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा/प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलैक्ट्रेट दौसा

अपील संख्या 91/2022

निर्णय

दिनांक 05.08.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, अतिरिक्त कलक्टर दौसा को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलैक्ट्रेट दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी अति0 जिला कलक्टर, दौसा ने पत्र कमांकः आरटीआई/2022/808 दिनांक 27.7.2022 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। प्रभारी अधिकारी भू0अ0 कलैक्ट्रेट दौसा ने पत्र कमांकःभू0अ0/डीआईएलआरएमपी/2022/5370 दिनांक 29.7.2022 के द्वारा अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत कराते हुए प्रति इस कार्यालय को प्रेषित की गई है। उक्त पत्रादि की प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर, दौसा

कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

Signature Not Verified
Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2023.02.15 12:51:07 IST
Reason: SelfAttested
Web Copy Not Official